there are half-an-hour discussions, they should start at 5.30 P.M. If the House agrees, this arrangement may take effect from Monday, the 27th March, 1967.

**Several hon. Members:** Yes.

**Shri Nath Pai (Rajapur):** I have one small observation to make regarding this lunch interval. I was not very much in favour of it but since the House has agreed, I am also agreeable. It is no use providing an interval for lunch if we are to be condemned to consume the things which are dished here by some caterers under the euphemism called 'food'. Sir, a sysematic consumption of this food is bound to destroy the strongest constitution of even Shri Morarji Desai. Unless adequate arrangements are made for what can be called wholesome food, it is of no use.

**Mr. Speaker:** We will discuss that separately...

श्री नाथ पाई : ठीक है मैं आपकी आज्ञा मान लेता हूं ।

**Mr. Speaker:** Dr. Chandrasekhar.

श्री विभूति मिश्र (मोतिहारी) : अध्यक्ष महोदय, पिछले साल भी यह प्रोपोजल आया था कि लंच आवर होना चाहिये । जिन माननीय सदस्यों के पास मोटर कारें हैं वही लंच करने जा सकते हैं । हम लोग ग्यारह बजे खा कर यहां आते हैं और पांच बजे तक बिना लंच आवर के रह सकते हैं . .

**Mr. Speaker:** I have called Dr. Chandrasekhar. He cannot go back now.

श्री विभूति मिश्र : मेरी बात तो आप सुन लें । हम लोग लंच खा कर आते हैं और पांच बजे तक बैठ सकते हैं । पहले जब यह प्रोपोजल आया था तो यहां रिजैक्ट कर दिया गया था । मैं आप से प्रार्थना करता हूं कि इस को अभी न लाया जाए ।

12.58 hrs.

## ELECTION TO COMMITTEE

### POST GRADUATE INSTITUTE OF MEDICAL EDUCATION AND RESEARCH, CHANDIGARH

**The Minister of Health and Family Planning (Dr. S. Chandrasekhar):** I beg to move:

"That in pursuance of Section 5 (g) of the Post-Graduate Institute of Medical Education and Research, Chandigarh, Act, 1966, the members of Lok Sabha do proceed to elect, in such manner as the Speaker may direct, two members form among themselves to serve as the members of the Post-Graduate Institute of Medical Education and Research, Chandigarh, for a term of five years, subject to the other provisions of the said Act and rules made thereunder."

**Mr. Speaker:** The question is:

"That in pursuance of Section 5 (g) of the Post-Graduate Institute of Medical Education and Research, Chandigarh, Act, 1966, the members of Lok Sabha do proceed to elect, in such manner as the Speaker may direct, two members from among themselves to serve as members of the Post-Graduate Institute of Medical Education and Research Chandigarh, for a term of five years, subject to the other provisions of the said Act and rules made thereunder."

*The motion was adopted.*

12.59 hrs.

## GENERAL BUDGET—GENERAL DISCUSSION

**Shri P. K. Deo (Kalahandi):** Sir, before we take up the general discussion on the Budget. I would like to make a submission regarding the time allotted for the discussion. May I submit that the time should be extended even though it is merely a Vote on Account? This is the first Budget-

[Shri P. K. Deo]

after the General Elections. This is not a lame duck session. We are getting the first opportunity here to have a discussion on the economic affairs of the country.

**Mr. Speaker:** My hon. friend will realise that this was discussed threadbare by the leaders of all the parties. If, after all this, it is raised by every Member in the House, it will lead us nowhere.

13 hrs.

**Shri P. K. Deo:** This is the consensus of the House.

**Mr. Speaker:** No. That means that there is no need, in future, for any leadership at all.

**Shri P. K. Deo:** That has to be ratified by this House Whatever is uttered in the chamber has to be ratified here.

**Mr. Speaker:** Now we take up General Discussion on the General Budget for 1967-68.

**Shri Nambiar** (Tiruchirappalli): We have to move the Cut Motions first. According to the agenda paper, the following three items are to be taken up together, namely, General Discussion on the Budget (General) for 1967-68, Discussion and Voting on the Demands for Grants on Account in respect of the Budget (General) for 1967-68, and Discussion and Voting on the Supplementary Demands for Grants in respect of the Budget (General) for 1966-67. We have to move the Cut Motions

**Mr. Speaker:** Now now; that stage will come later. Now only General Discussion is being taken up.

**Shri Nambiar:** I have no objection to that, but it is said in the order paper that all the three items will be taken up together. If they are to be taken up together, then we have to move the Cut Motions now.

**Shri M. R. Masani** (Rajkot): The hon. Member is right. They could be moved now.

**Mr. Speaker:** We take item 11 of the agenda separately.

**Shri Nambiar:** Then 1½ hours will be given for that and Cut Motions will be moved then.

**Mr. Speaker:** We now take up the General Discussion Mr. P. K. Deo.

**Shri P. K. Deo:** Though this is an interim budget and seeks a Vote on Account for a period of four months, it reveals a picture of gloom. The Finance Minister has completely failed to take lessons from the rejection of the Congress Party at the polls where the people have registered their vote of complete disapproval of the wrong economic policies persistently pursued since the last twenty years, which have brought incalculable misery and hardship to the people and have taken this country to the abyss of economic collapse.

The revised estimate shows a deficit of Rs 350 crores and it has to be viewed with the still larger deficit financing of the previous years. In this regard I beg to submit that there should be a pragmatic approach to this subject. But I am very sorry that no indication has been given to revive the economic health of the nation and to check the soaring prices which have broken all previous records. It has completely crushed the backbone of the masses. The interim budget does not provide for anything to check the every-rising spiralling of prices. According to the confession made by the Finance Minister, the index figures have risen by 17% since last year. There has been completely no indication of any recovery of the lost ground in the field of export. Instead of a prudent financial management, the Finance Minister has proceeded in the same old rut which has brought this

country to a terrible mess. The Government has brought the nation to an irremediable bankruptcy which it has proclaimed in a public confession by devaluing the rupee on 6th June, 1966. It is four sixes. The four sixers or over-boundaries that the Government have scored in the field of economy, namely, extravagance, insolvency, rising prices and incapacity to keep the house in order, have exceeded all their previous boundaries. The Government had been playing with a cross bat, exposing the country's national and economic wicket to a very great peril The promised benefit of devaluation is not in sight. On the other hand, some of the apprehensions seem to have materialised Exports have not moved up; rather, they have declined. Our export earning in American dollers, which was to a tune of 1,690 million dollars in the fiscal year preceding devaluation, has come down to 1,460 million dollars. The balance of payment difficulty and the foreign-exchange crisis still continue. In the last eight months following devaluation, the wholesale prices have risen by 9.2 per cent, *i.e.*, an annual rise of 13.8%, and the working cost of living rose by an annual rise of 14.4%. Both in the public and the private sectors, the firms have received a very bad jolt That is because of the deferred payment liability in foreign exchange which has been enhanced by devaluation and secondly, the import content of production has considerably increased by devaluation. We should have stepped up our export to relieve the strain on foreign exchange, but nothing has been done in this regard

This devaluation has been the result of continued inflation, a phenomenon of the Second World War, which has been continued till today on some pretext or the other. The same tendency is continued and the present official rate is much below the equilibrium rate. In the free market at Zurich, a dollar is equal to Rs. 10.48 and a pound is equal to Rs. 29.26. This is much higher than the official rate of exchange which over values rupee. Another devaluation seems inevitable.

As a result of these inflationary conditions, prices in India have gone up much higher than those prevailing in the other countries. In this regard I would like to point out this. If you compare the prices prevailing before the Second World War, the rise in India is higher by 7 times whereas in U.K. the prices have risen by four times and in USA by 2½ times. If you compare the price rise with the prices prevailing in 1954-55, the Indian prices have risen by 90% while in U.K. they rose by 34% and in Japan 8%.

The rising prices follow the rising cost of production and *vice versa*, and they go round and round in a vicious circle. Our goods with increased cost of production cannot compete with others. That is why our manufacturers have switched on their attention to domestic market instead of to the overseas market. During the decade ending 1964-65, even though the industrial production has risen by 206%, the output of tea which is the biggest foreign-exchange earner has risen only by 24%, whereas the world output of tea has risen by 41%. Ceylon has stolen a march over us, with 47% and South Africa with 67%. Similarly in the case of jute which is another big foreign-exchange earner for us, even though the world demand has increased by 78%, our increase in output is only 35%. On the other hand, Pakistan has increased it by 530%. India's export ratio to the national production has declined from 6.1% in 1955-56 to 4.1% in 1964-65.

13.08 hrs.

[DR. D. S. RAJU *in the Chair*]

The honest rupee which has stood firm all these years and has stood the test of time, has gone down in value. In spite of inflation in the Second World War it had built up a handsome sterling balance of 1,547 crores in 1947. That is finished and we have incurred a foreign loan of Rs. 4,000 crores.

[Shri P. K. Deo]

This is due to indiscriminate deficit financing, excessive taxation, adoption of giant plans with long gestation periods and seeking to invest non-existent resources in wrong priorities, in favour of slow and low-returning public sector undertakings whose average return is 0 6% It is most distressing that this public sector is being utilised as a dumping ground for defeated Congressmen. No indication has been given to plug the various loopholes of wasteful and unproductive expenditure Even in spite of our professing for austerity, we do not find any indication of it in the Cabinet itself. We have the luxury of a Minister of Cabinet rank as Minister without Portfolio A Department like the Department of Parliamentary Affairs has four Ministers—one Cabinet Minister, one Minister of State and two Deputy Ministers In this regard, I would like to point out that no attempt has been made to prune our expenditure The Prime Minister has rightly stated in her speech that

> "We will have to set a better example of financial discipline if it is to enlist the co-operation of the States in ensuring the maintenance of sound fiscal and budgetary policy."

So far, the example set by the Centre has not been encouraging. They have been able to show a saving of only Rs. 91 crores in administrative expenditure On the other hand, the total budgeted expenditure figure for 1967-68 has risen by Rs. 292 crores as against the budget estimates of last year Even the revised estimate has increased by Rs. 133 crores. So, how far the real position is different from the utterances of the Finance Minister could very well be imagined

I fully appreciate the anxiety shown by the Finance Minister for greater financial discipline He had sounded a note of caution in regard to the overdrafts by the States. I would submit that this should not be viewed from a purely banking or accounting angle but it should be viewed in relation to the reality. As you know, in many States, non-Congress Governments have taken the administration on their shoulders and they have inherited the legacy of the former Congress Governments which had overburdened the States with various overdrafts and loans by their extravagance, and they should, therefore, be given some time to keep their house in order. I was surprised to read a news item this morning in *The Statesman* that the Chief Minister of Orissa has stated that the Reserve Bank has given notice to him to clear Rs 8 crores within three days or else they would be stopping payments. I submit that this is ridiculous. The present Ministry should not be penalised for the misdeeds of the former Congress Ministers I would submit that the overdraft should be written off or there should be a more realistic and liberal distribution of the resources between the States and the Centre. You cannot expect Shri R. N. Singh Deo to produce Rs. 8 crores within three days from his hat

**The Minister of State in the Ministry of Finance (Shri K. C. Pant):** Is that his personal opinion or is it on behalf of his party?

**Shri P K. Deo:** This is purely my personal opinion. You cannot expect Shri R N S Deo to produce Rs. 8 crores within three days. He cannot take recourse to printing currency notes at the Nasik Press.

**Shri Suraj Bhan (Ambala):** May I point out that the quorum is not complete?

**Mr. Chairman:** Shri P. K. Deo may resume his seat There is no quorum. The bell is being rung—

Now, there is quorum. Shri P. K. Deo may now resume his speech.

**Shri P. K. Deo:** I beg to submit that the budget has made no proposal to create incentive for investment or for saving which provides equally capital for various investments. It is because the rupee has been losing value every day. The capital market is practically dead to day. The tempo of industrial and commercial activity is at a low ebb because of the suffocating controls, licences and permits and quota system which have created all sorts of impediments in the way of industrial, commercial and agricultural growth. It has opened the flood-gates for political patronage and the beneficiaries are Congressmen.

The fiscal policy is defective India is the most heavily taxed country in the world. The Finance Minister has cast his net on all conceivable items so far as indirect taxation is concerned, and all consumer goods are being taxed, and this has added further fuel to the fire of inflation.

So far as the rate of taxation on individual income is concerned, on earned incomes it is 82 per cent and on unearned incomes it is 89 per cent. Coming to the corporate tax, it varies in this country from 66 to 74 per cent. The highest known in any country is only 55 per cent. This high rate of taxation exceeds the assessee's income and eats away his capital, and this naturally leads to tax evasion and black money We do not like to be dishonest and to rob the State of its reasonable share in our incomes but we are constrained to do it Every transaction that is being made is always made in black and black money is created, and it is Government that has been creating the circumstances for this. As a result of this high taxation, diminishing return has begun to set in, and the higher the tax the less the return. During 1966-67, the corporate tax collection is estimated to be only Rs. 345 crores as against the budget estimate of Rs, 372 crores. The income-tax collection also has come down from Rs. 292 crores to Rs. 280 crores. In the case of wealth-tax, the figure has come down from Rs. 14 crores to Rs. 12·25 crores and in the case of estate duty from Rs. 8:10 crores to Rs. 6·75 crores. These figures will convince you that the higher the tax the less is the return.

In the case of agriculture, there has been a complete failure, rather criminal neglect, on the part of Government during all these years. Now the Finance Minister blames the providence. Irrigation which is the most important thing has been neglected, and 2 million acres of irrigation potential still remain to be utilised and the Seventeenth Amendment to the Constitution which was rejected by the Supreme Court as an encroachment on our Fundamental Rights is still hanging like the sword of Damocles on the heads of the agriculturists. In the face of this, what incentives can there be for them for greater production?

My last points relates to prohibition In his treasure-hunt, the Finance Minister has completely lost sight of the question of scrapping prohibition. Shri Morarji Desai and the scrapping of prohibition are poles apart But I would request him to have a dispassionate approach to the subject and to see that illicit distilation does not become a cottage industry and thereby we lose a good amount of revenue. I would, therefore, submit that he should scrap prohibition forthwith

**श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा (बाढ़)** : सभापति महोदय, माननीय वित्त मन्त्री महोदय ने लोकसभा के पटल पर जो बजट पेश किया, उनको देखने से एक चिन्ता होती है। यह बात नहीं कि उनका बजट ही इस बात को बताता है, कि देश की आर्थिक स्थिति कितनी विषम हो गई है। देश के रहने वाले और खास कर संसद् के सदस्यगण इस बात से जागरूक हैं कि देश की आर्थिक स्थिति आज बहुत विषम है और इस विषम परिस्थिति का सामना करना—यह कोई मामूली बात नहीं है। यह

[श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा]

बड़ा जटिल प्रश्न वित्त मन्त्री के सामने और सरकार के सामने आ गया है, पर राष्ट्रपति के सम्भाषण से इस हद तक बात का अहसास नहीं होता था कि देश की आर्थिक हालत इतनी शोचनीय हो गई है। माननीय वित्त मन्त्री ने हमारे सामने बजट लेखानुदान के रूप मे नहीं, एक चेतावनी के रूप में पेश किया है। आगे आने वाले दिनों की चेतावनी है कि अगर हम न सम्भले तो हमारा हश्र भविष्य में बहुत अच्छा नहीं होगा, हमारा भविष्य कुछ भयंकर मालूम होने लगा है। उन्होंने इस बात की तरफ इशारा किया है कि मूल्यो की दर में कीमतें करीब करीब 20 प्रतिशत बढ़ गई हैं और अगर यही हालत रही, अगर कीमतों के बारे मे कुछ नही हुआ तो मेरा ऐसा ख्याल है कि एक-डेढ़ साल मे मूल्यों के दर 30 प्रतिशत बढ़ जायेंगे और बढ़ने की सम्भावना है।

सभापति महोदय यहा जितने अर्थशास्त्र के विद्यार्थी हैं, संसद् में हो या बाहर हों, करीब करीब सब लोगों की यह राय है, और जिन लोगों ने इस बात की जानकारी करने की कोशिश की है कि देश की आर्थिक अवस्था कैसी है और क्या है, जिन लोगो ने आकड़े इकट्ठे किये हैं, उन्ही के मुह से यह सुना है और सरकार की रिपोर्टों में भी उसका खण्डन नही है कि आज मुद्रास्फीति की जो हालत है, महगाई जिस तरह से बढ़ती जा रही है, अगर हम ने कुछ नहीं किया तो इस बात की सम्भावना है कि चतुर्थ पंचवर्षीय योजना में कीमतों की दर, जिस को हम "होलसेल प्राइस इण्डेक्स" कहते हैं, 30 प्रतिशत बढ़ जाने की सम्भावना है। इसके अलावा इस से भी इन्कार नही किया जा सकता कि चतुर्थ पंचवर्षीय योजना पहली, दूसरी और तीसरी योजना के अनुपात में इस बात का बहुत अधिक संकेत देती है कि इन्फ्लेशन बढ़ेगा, मुद्रा-बाहुल्य से भरपूर चौथी पंचवर्षीय योजना हमारे सामने आयेगी। इस बात की सम्भावना हर एक भारतवासी के हृदय में, जो जानकारी रखता है, उसके हृदय में है। इसका क्या निदान होगा, इसका संकेत वित्त मन्त्री महोदय के भाषण में थोड़ा मिलता है, परन्तु बहुत सन्तोषप्रद नहीं मिलता। इसका कारण भी है—हमने बहुत जल्दबाजी की है लेम-डक सेशन को खत्म कर देने में। विरोधी दल के कुछ सदस्यों की तरफ से मांग हुई कि लेम-डक सेशन खत्म कर दिया जाय, वह खत्म कर दिया गया और अब नई संसद् में इस पर बहस हो रही है और इस प्रकार कितनी मुश्किलें हमारे सामने आ रही हैं। अभी तक संसद् के सदस्यों के पते नही मालूम हैं, अभी तक संसद् के सदस्यों का वह रजिस्टर नहीं बन पाया है कि कौन कहां रहता है। उन से कोई बात करनी हो टो ढूंढना पड़ता है नोटिस आफिस में जाकर कि वे कहां रहते हैं।

अभी जो बजट आपके सामने आया है, उसमें वित्त मन्त्री महोदय ने इस बात का जिक्र किया है कि यह कोई लेखानुदान, कोई पूरक लेखानुदान नही है। यह बजट पिछले कुछ हफ्तों, चन्द महीनो के लिये आया है। अगर लेम-डक सेशन होता तो वित्त मन्त्री महोदय को अवकाश मिलता कि वह बजट को पेश करते समय पूरी जानकारी कर लेते और जो उपाय ऐसी परिस्थिति का मुकाबला करने के लिये हो सकते थे, उनके सोचने की उनको सहूलियत मिलती। वित्त मन्त्री महोदय जो बजट लेकर आये हैं, उसको बनाने, उसको बिगाडने और उसका बोझा उठाने के लिये एक तरह से उनके कन्धे तैयार नही थे। उन्होने एक तरह से दूसरे के बोझ को लाकर सामने रख दिया है और इस में हमें इस बात की झलक मिलती है कि वित्त मन्त्री महोदय व्यक्तिगत तरीके से इसमें जो करना चाहते थे, वे नही कर सके हैं। इस लिये ऐसी परिस्थिति में यदि हम वित्त मन्त्री महोदय की आलोचना करें, जैसी माननीय सदस्य श्री देव ने की है, तो मैं समझती

हूं कि यह एक असंगत बात मालूम पड़ती है। मैं उनसे कहना चाहती हूं कि यदि वह लेम-डक सेशन को हटाने की इतनी जल्दबाजी न करते...

श्री पी० के० देव : फाइनेन्स मिनिस्टर अगर हार न जाते, तो आप राजी न होते।

श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा : क्या होता, क्या न होता, वह हमें आप से पूछ कर करने की जरूरत न पड़ती। मैंने कभी अपना दिमाग आपके साथ गिरवी नही रखा है।

इन लोगों के अनुरोध पर लेम-डक सेशन नहीं हुआ और जो बजट लेम-डक सेशन में पेश होना चाहिये था, वह वित्त मन्त्री महोदय को आज पेश करना पड़ा है। इसका खाका, उसका ढांचा, जो इन्टेरिम बजट लेम-डक सेशन में पेश किया जाता है, उससे दूसरा नही है। यह बात सही है कि वित्त मन्त्री महोदय ने किसी बात को छिपाने की कोशिश नहीं की है, उन्होंने इस बात को साफ़ कह दिया हैं कि हमारे आगे आने वाले दिन बहुत विषम हैं। सभापति महोदय, अगर विरोधी दल के लोग इस बात को कहते हैं कि नीतियां कुछ गलत रही हैं, मैं इस बात को नहीं मानती, हमारी नीतियां गलत नही हैं। लेकिन इस बात से इन्कार नहीं किया जा सकता कि इन नीतियों के प्रतिपादन में गलतियां हुई हैं और इसी का यह नतीजा है। अन्यथा नीतियो में कोई गलती नही है, नीतियां जो बनी हैं देश की आवश्यकताओं को काफ़ी सोच-समझ कर बनाई गई हैं, परन्तु नीतियों का प्रतिपादन ठीक तरह से नहीं हुआ, जिस तरह से कि होना चाहिये था और इसी की वजह से आर्थिक विषमता बढ़ती गई।

कुछ आंकड़े हमारे पास हैं, जिन से मालूम होता है कि तीसरी पंचवर्षीय योजना में जो टैक्स लगाया गया, जो अनुपात टैक्स का रखा गया था, उससे कहीं ज्यादा उसकी अनुभूति हुई, कहीं ज्यादा टैक्स हासिल किया गया। मैं कुछ आंकड़े आपके सामने रखना चाहती हूं। तीसरी पंचवर्षीय योजना का वित्तीय रकबा, जिसको फाइनेन्शल आउट ले कहते हैं, करीब करीब 8630 करोड़ रुपये था, उसमें 1130 करोड़ रुपया अधिक हासिल हुआ, उसका जो मुख्य खाका था जिसको ओरिजनल प्राविजन कहते हैं, उसके अनुसार 1130 करोड़ रुपया ज्यादा हासिल हुआ। उसमें हमने देखा कि जो टैक्स केन्द्रीय सरकार ने वसूल किया, जितना उसका अनुपात रखा गया था, तीसरी पंचवर्षीय योजना में उसके हिसाब से करीब करीब दुगना टैक्स वसूल हुआ और इस के साथ साथ अगर आप राज्यों के बारे में यह कहें कि राज्यों ने इतना अच्छा टैक्स वसूल नहीं किया, कुछ कम किया, परन्तु इससे इंकार नहीं किया जा सकता—जो आंकड़े कहते हैं—कि राज्यों ने 610 करोड़ रुपये का टैक्स वसूल किया। इतनी बड़ी रकम, मैं पूछना चाहती हूं—गई कहां? आखिर जिस अनुपात से तीसरी पंचवर्षीय योजना बनाई गई, जो रकबा तैयार किया गया योजना का, उसमें जो सोचा था इन रास्तों से, इन गलतियों से हम इतना रुपया लायेंगे, इतनी धरोहर आयेगी इस माध्यम के द्वारा, चाहे वह कर्ज के रूप में हो या बचत के रूप में हो, या टैक्स लगाने के रूप में हो या मुद्रा-बाहुल्य के रूप में हो, जब आपने कहा कि हम इतना कुछ करेंगे, मैं देखती हूं कि जितना टैक्स आप वसूल करना चाहते थे, उससे दुगनी रकम आप को मिली, परन्तु उस का फायदा हम को जिस तरह से होना चाहिये था, उस तरह से नहीं हुआ। उसका नतीजा यह हुआ कि बढ़ती हुई कीमतों को पूरा करने के लिये महंगाई बढ़ती रही, जो कुछ टैक्स से वसूल हुआ, महंगाई को पूरा करने में चला गया। साथ साथ चीजों की कीमतें बढ़ती गई और हमें जो सरकारी वेतन-भोक्ता लोग हैं, उनके वेतन को, उनकी मजदूरी को बढ़ाना पड़ा। यह सारा का सारा रुपया जो अधिक टैक्स की शक्ल में वसूल हुआ था, वह वेतन भोक्ताओं के खर्चे को चलाने में चला गया, उससे किसी भी अनुपात में आर्थिक समृद्धि में वृद्धि नहीं हुई।

[श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा]

यदि दूसरे आंकडे भी आपको दू तो आप को मालूम होगा कि तीसरी पचवर्षीय योजना के माध्यम से 5 प्रतिशत तक हमने राष्ट्रीय आय बढाने की कोशिश की, लेकिन यदि आकडे देखें तो ऐसा मालूम होगा कि 3 2 प्रतिशत से ज्यादा हमारी राष्ट्रीय आय दरअसल मे नहीं बढ़ी। कागज मे बढी होगी, लोगो की जबान से सुनी गई होगी परन्तु जीवन के स्तर को अगर हम नापे और ताले हम देखेंगे कि हमारी राष्ट्रीय आय साढ़े तीन प्रतिशत से अधिक नही बढ़ी है। उसमे यह कहा जा सकता है यह मझ से भी कहा जा सकता है कि 1965-66 का जो साल गजरा वह बडा विषम साल था। बडी भयकर यहा अकाल की हालत थी। यह परिस्थिति पैदा हुई और साथ साथ हमे पाकिस्तानी चढाई का मुकाबला करना पडा। इसमे कोई शक नही कि इन दो घटनाओ की वजह से हमारी आय मे बहुत कमी हो गई परतु मैं सरकार से यह पूछना चाहती हू कि 1964-65 मे जो हमारी राष्ट्रीय आय 7 6 प्रतिशत बढ गयी तो क्या वह इस बात का सकेत नही करती कि वह बहुत अच्छा साल गुजरा। बहुत ही अच्छा साल जो गुजरा वह इसलिए गुजरा कि कुछ दैवी हमारे ऊपर कृपा हुई। 65-66 क एक बरा साल मान कर चलते हैं तो हम का उसमे सन्तुलन लाने के लिए 64-65 जिसम, जिसमे साढे सात प्रतिशत की राष्ट्रीय आय मे वृद्धि हुई हम को इस को भी जोड करके चलना पडेगा। अनुपात मे अगर हम सभी वर्षों मे देखे तो हम को ऐसा लगता है कि साढे तीन प्रतिशत हमारी राष्ट्रीय आय मे वृद्धि हुई। इस राष्ट्रीय आय की वृद्धि के ढाचे को अगर हम अपने सामने रक्खें तो मुझे समझ मे नही आता कि योजना कमीशन ने जो हमारे सामने योजना रखी है और जो हमारे उपप्रधान मन्त्री महोदय और वित्त मन्त्री महोदय जिम्मा अपने ऊपर लेंगे और सरकार अपने ऊपर जिम्मा लेगी, उसका क्या ढांचा होगा। आखिर क्यो इस तरीके से बड़ी योजना रक्खी गई है आज अभी सबेरे के अखबार मे मैंने यह खबर पढ़ी। मुझे पता नही है कि उसमे कितनी सच्चाई है लेकिन आज सवेरे अखबार मे यह खबर पढ़ी कि वित्त मन्त्री महोदय से, योजना मन्त्री महोदय की कुछ बातचीत हुई है और उस बातचीत से यह आभास मिला, जो अखबार मे निकला है। मैं नही जानती कि योजना मन्त्री जी ने क्या बात रक्खी लेकिन अखबार की खबर से इस बात का आभास मिलता है कि वह कहते है कि प्लान के रकबे को, योजना के रकबे को कम न किया जाय। मैं समझती हू कि यह बहुत बडी भूल होगी। पहली भूल हमने डिवैलूएशन करके अपने रुपये का अवमूल्यन करके की। अवमूल्यन करके जो बोझा हमने इस देश के ऊपर लादा है अभी बहुत जमाना लगेगा उस बोझे को उतारने मे।

आज सवेरे हाउस मे क्वैश्चन आवर मे अवमूल्यन सम्बन्धी एक प्रश्न आया था और वित्त मंत्री महोदय को पूछे जाने वाले अनेको प्रश्नो का जवाब देना पड रहा था। हम लोगो ने पूछा कि निर्यात गिरा है वित्त मंत्री महोदय इस बात मे इकार नही कर सकते हैं कि अवमूल्यन की वजह से निर्यात नही गिरा है। खुद हमारे वित्त मंत्री महोदय ने जो सोलह सूत्र दिये आल इडिया काग्रेस वर्किंग कमेटी के सामने रखे थे उस मे स्वय वित्त मंत्री महोदय ने कहा था कि यह गलत रास्ता अपनाया गया अवमूल्यन का। जैसा कि वित्त मंत्री महोदय ने कहा भी कि उस भूल का लौटाया नही जा सकता। यही बात है क्योकि जो बात मुह से निकल जाती है वह फिर लौटती नही है। एक कदम गलत उठ जाता है तो वह नही लौटता। जो बात मुह से निकल गई वह फिर नही लौटती है मैं आप के सामने सिर्फ यह अर्ज करना चाहता हू कि कदम उठाने के पहले सोच समझ लेना चाहिए और सोच समझ कर ही कोई कदम उठाना चाहिए क्योकि अगर कही गलत कदम उठ गया तो फिर मंजिल ठीक नही मिलेगी। जो शेर मैं अभी कहने जा रही हू वह अवमूल्यन

के बारे में बिलकुल लागू होता है और वह यह है :

"सिर्फ एक कदम उठा था गलत राहें शौक में,
मंजिल तमाम उम्र मुझे ढूढती रही"

इस सरकार के जीवन तक अवमूल्यन करने के बाद जिस मंजिल को पाना चाहते हैं पहली से तृतीय पचवर्षीय योजना में वह मंजिल मिल सकेगी या नही इस में मुझे शक होने लगा है । दूसरी गलती हम करेंगे कि हम प्लान के दायरे को, चतुर्थ पचवर्षीय योजना के दायरे को बडा रक्खेंगे। 23-24 हजार करोड़ रुपये की योजना रखना यह हमारी दूसरी गलती होगी । पहली गलती करने के बाद पनाह मिलने में इतनी दिक्कत हो रही है यदि दूसरी गलती हम करेंगे तो शायद अब पनाह नही मिल सकेगी । इसलिए मैं आप से यह दरख्वास्त करूंगी कि और वित्त मंत्री से भी दरख्वास्त करूंगी कि योजना को पूरा रूप देने के पहले इस बात को अच्छे तरीके से सोच विचार लें कि इस योजना में जिस बात का उन्होंने आश्वासन दिया है कि हम योजना मे वह चीज नही आने देंगे जो कि इन्फ्लेशन को ढाये और जो कि मूल्यो मे वृद्धि करे और साथ साथ हमारी आर्थिक विषमताओं को बढ़ाने की कोशिश करे उन बातो को योजना मे वे नही लाना चाहते ।

मुझे इस बात की खुशी है कि वित्त मंत्री महोदय ने इस बात का एक खाका हमारे सामने छोटा सा रखा है और उन्होंने दूसरे वर्ष के लिए जो रकम निर्धारित की है अपने बजट में, 1हजार 711 करोड़ रुपये की रकम है । वह इस बात का संकेत दिलाती है कि रास्ते पर चलने के पहले हम लोगों ने सोचना शुरू किया है कि वह कदम हम कैसे डालें। अगर यू ही रहा तो मुझे विश्वास है कि हिन्दुस्तान की सरकार चाहे विरोधी दल के लोग कुछ भी कहते रहें, अपने कदम में मजबूती लायेगी और आर्थिक समस्याओं का समाधान करेगी । इसमें घबडाने की कोई बात नहीं है । कोई भी चुनौती हिन्दुस्तान के वित्त मंत्री महोदय ने स्वय कहा कोई भी चुनौती इस बात की कसौटी भी है कि आदमी की शक्ति क्या है और सरकार की शक्ति क्या है और साथ साथ एक सम्मिलित शक्ति से क्या कुछ हो सकता है । उस के लिए मैं यह समझती हूं कि दो, तीन बातें जो उनके बजट मे मुख्य हैं मैं उनकी प्रशंसा करना चाहती हू । एक तो यह कि 405 करोड़ रुपये का अनुदान उन्होंने खेती के लिए किया है । मैं उसकी दाद देती हू । पहले पहल यह खेती के ऊपर बडी मुस्तैदी से एक कदम लिया गया है । यह अगर हम कह दे कि हम बेआसरा हैं, बगैर किसी की रोटी दिये खा नही सकते, हर चौथी रोटी अमरीका की हमारे गले के नीचे उतरेगी तो यह हम अपने प्रति विश्वासघात कर रहे हैं और अपने को हम कमजोर साबित कर रहे है । मैं तो यह समझती हूं कि आज इस बात का हमे फैसला करना होगा कि चाहे कुछ भी क्यो न हो जाय हम अपनी खेती को इस लायक बनायेंगे कि अपनी खेती से हम अपना जीवन निर्वाह कर सके । योजना कमीशन के अनुसार जो आकड़े आते हैं बराबर उस के अनुसार यह कहा गया कि शुरू मे 10 से लेकर 8-10-12 प्रतिशत कमी हमारे अन्न की उपज मे हुई अगर इतनी कमी है तो मैं कहती हूं कि जितनी खेती है अगर आप उसमें अच्छे तरीके से पानी पहुंचा दें तो बिना बीज और बिना खाद के उतनी खेती हो सकती है । इतनी जो कमी है, 8 प्रतिशत या 10 प्रतिशत की कमी है वह पूरी हो जायेगी । मैं इसे जानती हूं देहात का मेरा क्षेत्र है, खुद भी मैं खेती करती हूं और हकीकत यह है कि आज अगर हमें पानी मिल जाय तो एक के बदले दो फसलें उसी खेत मे पैदा कर

[श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा]

सकती हूं । बीज के लिए हमें योजना कमीशन के पास जाकर दरख्वास्त देने की जरूरत नही है । अगर अच्छी खेती होगी और किसानों को उनकी उपज की अच्छी कीमत मिलेगी बो दो, चार आपस मे जो पड़ोसी लोग हैं वह इस बात का फैसला कर लेंगे कि आज जो आदमी नगीना धान या तायचून धान वाली फसल लगायेगा उस से और लोग बीजका बटवारा कर लेंगे । वह इजाजत नही मागते सरकार से बटवारा करने की । उस को यदि उसके उचित दाम मिल जाते हैं तो वह स्वय ही उस का बटवारा कर लेते हैं। इसलिए मैं वित्त मत्री महोदय को इस बात के लिए बधाई देती हू कि उन्होने 405 करोड़ रुपने का अनुदान खेती के लिए रक्खा है । इस के अलावा 105 करोड रुपया खाद के लिए कर्ज देने के लिए क्रेडिट के रूप मे देने के लिए सोचा है परन्तु मैं सिर्फ एक बात यह कह देना चाहती हू कि खाद के लिए जो भी क्रेडिट मिले उस का दुरुपयोग नही होना चाहिए। कितना दुरुपयोग होता है इसे मैं बखूबी जानती हू और अगर वित्त मत्री जी चाहें तो मैं नाम ले सकती हू । मैं ऐसे लोगो के नाम जानती हू जिनके पास एक बीघा जमीन नही है परन्तु उन्होने पाच पाच बोरे खाद के ले लिए हैं। उस के बाद वे लोग उस खाद को ब्लैक मे तिगुने या चौगुने दाम देहात मे बेचते हैं। यह ब्लैक खूब चल रहा है देहातो से इस बात की रोक थाम करने की आप को पूरी कोशिश करनी चाहिए

दूसरी बात मैं यह कहना चाहती हू कि बिहार मे आज इतना बडा अकाल पड़ा। पम्पिग सैट हमे दिये गये । आप के सरकार में उस स्तर पर जितनी बेईमानी है उस के बारे मे मैं यहा पर कुछ कह नही सकती ? श्री मधु लिमये इस बात के गवाह हैं । मैं इस चीज को छिपाना नही चाहती क्योंकि हम लोगों ने मीटिंग में सुना, मीटिंग में यह प्रकाशित किया गया । एक, एक ट्यूबवेल के लिए जो कि व्यक्तिगत रूप में मिलते हैं उनकी बहुत कीमत देनी पड़ती है। उस मे छोटे छोटे अधिकारी हर ट्यूबवेल के लिए प्राइवेट ट्यूबवेल के 200 रुपया मागते थे परमिशन देने के लिए.... .

एक माननीय सदस्य : ढाई सौ मांगते हैं।

श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा : आप के यहां ढाई सौ होता होगा हमारे यहां 200 है। पहले परमिशन देने के लिए आफिस में 100 रुपया दीजिये तो परमिशन मिलेगी और आप को ट्यूबवैल मिलेगा । उस के बाद 200 रुपया दीजिये तो यह आश्वासन दिया जाता है कि वह लग जायगा, तब वहां पर खम्भा लगेगा, बिजली का इंतजाम होगा। मैं एक गाव मे गई तो लोगो ने मुझ से मिल कर मीटिंग मे कहा कि 24 टयूबवैल की परमिशन मिली हुई है विभाग से । अब हम से वे कहते हैं कि 4800 रुपया दीजिये दफ्तर को तब जाकर यह 24 टयूबवैल्स लगेंगे । श्री मधु लिमये मेरी तरफ इस तरह से घूर, घूर कर क्यों देख रहे हैं ? मैं उन को बतलाना चाहूगी कि यह चीज सिर्फ सरकार तक ही सीमित नही है । यह बात सिर्फ सरकार तक ही नही रह जाती है । हम ने यह भी देखा कि चन्द जो बडे बडे चालाक लोग थे उन्होने क्या किया ? वे सरकारी दफ्तर में गये पम्पिग सैट लिया । पम्पिग सैट की कीमत 4000 रुपया है, 2000 रुपया उस में सरकार ने सबसिडी दी और 2000 रुपया अपने पास से लगा कर ले लिया । इस तरह से ऐसे चालाक आदमियो ने उन पम्पिग सैटों को ले लिया जिन आदमियो को पम्पिग सैट की जरूरत भी नही थी और दूसरे ही दिन उस को 2500 रुपये मे बेच दिया । 2500 रु० मे उसको बेच दिया और 1500 रु० मुनाफा उस को हो गया एक 4000 रु० के पम्पिग सेट के ऊपर । क्या श्री मधु लिमये के पास उस आदमी का कोई इलाज है जो सरकारी अनुदान को इस तरह से बेईमानी से इस्तेमाल करता है ?

**श्री मधु लिमये** (मुंगेर) : समय पर बतलाया जायेगा ।

**श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा** : मैं कहना चाहती हूं कि इन सारी बातों के लिये सिर्फ कांग्रेस पार्टी की ही जिम्मेदारी नहीं होनी चाहिये, विरोधी दल की भी जिम्मेदारी होनी चाहिये कि हर स्तर पर किस तरह से लोग ईमानदार रह सकें । अगर किसी खेती बाड़ी करने वाले को केवल 4000 रु० का पम्पिंग सेट मिल जाता तो उसे जीवन मिल जाता लेकिन मैं ने देखा कि दूसरे ही आदमी ने उस के ऊपर 1500 रु० का मुनाफा कमा लिया । क्या कोई भी ऐसा व्यापार हो सकता है जिस में कोई पम्पिंग सेट की तरह की कोई चीज बेच दे और दूसरे ही दिन 1500 रु० का मुनाफा कमा ले । अगर इस की रोक थाम नही होगी तो जो 105 करोड़ रु० वित्त मंत्री महोदय ने खाद्य के लिये दिये हैं सब बेकार चला जायेगा और उसका सदुपयोग जिस तरह से होना चाहिये वह नही हो सकेगा ।

इन शब्दों के साथ मैं आप का शुक्रिया अदा करती हूं कि आप ने मुझे इस बजट पर बोलने का मौका दिया ।

**श्री कंवरलाल गुप्त** (दिल्ली सदर) : सभापति महोदय, परसों श्री वाजपेयी ने कहा था कि कांग्रेस के अन्दर सभी पार्टियों के लोग शामिल हैं । मैं सोच रहा था कि उन में जन संघ के लोग कौन हैं । पर श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा ने जो भाषण दिया है उसे सुन कर मुझे बड़ी खुशी हुई और मैं कह सकता हूं कि वह जन संघ की मेम्बर बनने लायक हैं ।

**श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा** : मैं ने उस को रिजेक्ट कर दिया ।

**श्री कंवरलाल गुप्त** : आदरणीय वित्त मंत्री ने सदन के सामने जो बजट पेश किया, मैं यह कह सकता हूं कि वह केवल एक रिसीटस ऐंड डिस्बर्समेंट का स्टेटमेंट है । वास्तव में श्री मोरारजी देसाई से हम एक डायनमिक चीज की आशा करते थे । हम यह आशा करते थे कि वह इस देश की बिगड़ती हुई स्थिति को सुधारने के लिये कोई इंडिकेशन देंगे । हम आशा करते थे कि हिन्दुस्तान की आर्थिक स्थिति जो बिगड़ती जा रही है उस में सुधार करने के लिये हमें क्या करना चाहिये, वह यह बतलायेंगे । वह तो ठीक है कि उन्होंने जो तस्वीर खींची है वह देश की स्थिति को दर्शाती है । उन्होंने बतलाया कि इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन कम हो गया, उन्होंने बतलाया कि खेती की पैदावार कम हो गई और कीमतें बढ़ रही हैं, लेकिन यदि देश की तस्वीर को सही मानों में देखा जाय तो जो तस्वीर उन्होंने खींची है वह पूरी तस्वीर का केवल एक हिस्सा है । सारी तस्वीर को देखा जाय तो वह बहुत ही भयानक है । वह इतनी भयानक है कि मैं यह कहने के लिये तैयार हूं कि मैं श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा से सहमत हूं इस बारे में कि अगर उस में थोड़ा बहुत ही ऐडजस्टमेंट किया गया या थोड़ी सी विन्डो ड्रेसिंग कर दी गई तो उस से काम चलने वाला नहीं है । जब तक ड्रास्टिक स्टेप्स नहीं उठाये जाते हैं, जब तक रिथिंकिंग या फ्रेश थिंकिंग इस बारे में नही होगी तब तक देश की हालत में सुधार नही हो सकता है । अगर इसी प्रकार से यह चीज चलती गई, तो मैं अपनी बहन श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा को बतला देना चाहता हूं कि यह सरकार शायद दो वर्ष भी नहीं चल पायेगी, और सरकार नहीं, कोई भी सरकार जो यहां आयेगी वह स्थिति को ठीक नही कर पायेगी । ठीक है, शायद वित्त मंत्री महोदय पूरे तरीके से यह बात नहीं कह सकते थे लेकिन मैं यह आशा जरूर करता था कि वह इस तरफ इशारा जरूर करेंगे, देश को कुछ गाइडेंस जरूर देंगे कि वह किस लाइन पर सोच रहे हैं ।

[श्री कंवर लाल गुप्त]

आदरणीय फ़ाइनेन्स मिनिस्टर साहब ने डेफ़िसिट फ़ाइनेंसिंग की कुछ बात कही। पहले 32 करोड़ रुपये का डेफिसिट था, और 91 करोड़ रु० बचा लेने के बाद भी आज 350 करोड़ रु० का डेफिसिट है। इस का मतलब यह हुआ कि अगर 91 करोड़ की एकानमी न होती, मुझे मालूम नही कि 91 करोड़ रु० की इकानमी हुई है या नही, लेकिन अगर मान लिया जाये कि हुई है, तो 409 करोड़ रु० अधिक खर्च किया गया जो कि बजट के हिसाब से नही करना चाहिये था। इस का जवाब दिया है फाइनेन्स मिनिस्टर साहब ने कि कुछ अनाज बाहर से मंगाना पड़ा और कुछ जो स्टेट गवर्नमेंट्स का ओवर ड्राफ्ट था वह दिया गया। जवाब तो वह हमेशा दे सकते हैं। जब भी डेफिसिट फ़ाइनेंन्सिग होती है तो कारण चाहे कोई भी हो, रुटीन जवाब दे दिये जाते है। लेकिन वह प्लैनिंग किस काम की अगर वह पहले से नही देख सकती कि कितना इम्पोर्ट होगा, देश के अन्दर क्या स्थिति है और उस के हिसाब से कितना पैसा खर्च होगा। अगर स्टेट्स ओवर ड्राफ्ट कर रही हैं तो इस का मतलब यह है कि बजट से बहुत ज्यादा इधर उधर हुआ है जो कि नही होना चाहिये। लगभग 409 करोड़ रु० बजट के परे खर्च हो जाय इस को बर्दाश्त नही किया जा सकता।

यह पहली बार नही है जब कि डेफ़िसिट फ़ाइनैन्सिग हुई है। आप पिछले पाच सालो के आंकड़े उठा कर देखिये। आप पायेगें कि हर साल ही डेफिसिट फ़ाइनेन्सिग हुई है और सन् 1962-63 से ले कर 1966-67 तक 1317 करोड़ रु० की डेफ़िसिट फ़ाइनेंन्सिग रही है। इस का मतलब यह है कि हर साल का ऐवरेज डेफ़िसिट लगभग 263 करोड़ रु० आता है। यह बड़ी खुशी की बात है कि हमारे आदरणीय वित्त मंत्री महोदय ने कहा है कि जो यह डेफ़िसिट फ़ाइनेन्सिग है वह बहुत जल्दी ही खत्म हो जायेगी। मैं इस का स्वागत करता हूं क्योंकि मैं जानता हूं कि डेफ़िसिट फ़ाइनेन्सिग की पालिसी जैसी कोई दूसरी चीज देश की दुश्मन नहीं हो सकती। यह देश डेफ़िसिट फ़ाइनेन्सिग को एक दिन के लिये भी बर्दाश्त नहीं कर सकता है। लेकिन केवल पायस प्रामिसेज या डिक्लेरेशन्स से ही अब काम चलने वाला नही है।

मैं आप के ज़रिये से बतला देना चाहता हूं कि आज से ठीक पाच वर्ष पहले यह वादा किया गया था कि डेफ़िसिट फ़ाइनेन्सिग नही होगी। आप की इजाज़त से मैं वह सेन्टेन्स पढ़ना चाहूगा जो हमारे उस समय के वित्त मंत्री ने कहा था। जो उन की 19 मार्च, 1962 की तकरीर है, मै उस को कोट कर रहा हूं :

"At this stage, I would only emphasise how concerned I am over the fact that we are ending the current financial year despite buoyancy of the revenues with a bigger overall deficit than we had envisaged when the budget for the year was introduced. We shall therefore need to do everything possible to enlarge our budgetary resources so as to ensure stability in the economy."

मैं समझता हूं कि उस समय के फ़ाइनेन्स मिनिस्टर भी श्री मोरारजी देसाई थे और आज भी फाइनेन्स मिनिस्टर श्री मोरारजी देसाई है। उन्होने पांच साल पहले यह कहा था कि डेफिसिट फाइनेन्सिग को बढ़ावा नहीं दिया जायेगा, लेकिन 1962 से लेकर आज तक कोई साल ऐसा नही हुआ जब कि डेफिसिट फ़ाइनेन्सिग नही हुई है। इसलिये मैं श्री मोरारजी देसाई से कहना चाहता हूं जिन की मैं बहुत कद्र करता हूं, कि अगर इस देश को जिन्दा रखना है तो भगवान के लिये वह इस किस्से को खत्म करें, नहीं तो देश जिन्दा नही रह सकता है।

फ़ाइनेन्स मिनिस्टर ने कहा है कि डैफ़िसिट फ़ाइनेन्सिग का सब से बड़ा कारण यह रहा है कि बाहर से अनाज मंगाना पड़ रहा है । अगले साल के लिये जो कुछ ऐग्रिकल्चर के लिये प्राविजन किया गया है मैन्योर आदि का वह ठीक ही किया गया है और मैं उस का स्वागत करता हूं, लेकिन पहले की जो गलत नीतियां रही है जिनसे ऐग्रिकल्चर की ओर ध्यान नही दिया गया उन को बदलना पड़ेगा । जो पैसा भी खर्च किया गया इस के ऊपर, मैं कह सकता हूं कि नीचे तक अर्थात् किसानो तक उस का आधा पैसा भी नही पहुंचा है । वह ऊपर के अफसरो और उस की जो सारी मशीनरी है वहा पर ही खप गया । आज जरूरत इस चीज की है कि जो भी योजनाये चलानी हों वह ऐसी होनी चाहियें जिन के जल्दी नतीजे निकलने वाले हों । ट्यूब वेल खुदवाइये, कुए खुदवाइये, लेकिन मैं ने कल श्री जगजीवन राम से कहा था कि उन्होंने जो कुएं खुदवाये बिहार के अन्दर उन में पानी नही था। हमारी उन से शिकायत है कि देश भर के लोगो ने उन से पैसे तो ले लिये कुएं खोदने के लिये लेकिन उन्होंने कुए नही खोदे है, गढे खोदे है । इस तरह का एक उदाहरण नहीं कितने ही उदाहरण है । पैसा तो हम देना चाहते है लेकिन वह ठीक समय पर नही पहुंचता और साथ ही जिस काम के लिए दिया जाता है उस काम में खर्च नही होता है ।

इसी तरह से फूड का मामला है । इस मामले में भी बहुत बड़ी बंगलिग हुई है और इसकी भी एक बहुत बड़ी कहानी है । सब से पहले तो मैं यह कहना चाहता हूं कि जो जोनल सिस्टम है इसको खत्म कर दिया जाना चाहये । क्या वजह है कि इतना ज्यादा फूड का इम्पोर्ट करने के बाद भी फूड की प्राइसिस को सरकार स्टेबेलाइज नहीं कर पाई है ? इसका मुख्य कारण हैं ये फूड जोंज जो सरकार ने बना रखे हैं । उससे कोई कंट्रोल नहीं हो पाता है । स्टेट्स कुछ करती हैं और सेंटर कुछ और करता है । जहां तक फूड कारपोरेशन का सम्बन्ध है वह तीसरी ही बात करता है । नतीजा यह है कि इन सब में कोई तालमेल नही रह पाता है और प्राइसिस स्टेबेलाइज नहीं हो पाती है । फूड जोज के अन्दर भी एक जगह से दूसरी जगह फूड के जाने पर रेस्ट्रिक्शंज लगी हुई है । मैं कहूंगा कि आप इसके बारे में विचार करें और कोई अच्छी और साउंड पालिसी देश के सामने रखें ।

अगर हम चाहते है कि डिफिसिट फाइनेन्सिग को रोका जाये तो हमारा यह फर्ज है कि हम ओवर एम्बीशस प्लानिग में इंडल्ज न करे । चौथी योजना का जो ड्राफ्ट पेश किया गया है उस में 23,500 करोड रुपये का आउटले दिखाया गया है । अगर मैं गलती नही करता हूं तो पिछली तीन योजनाओं में लगभग 28,000 करोड रुपया ही था, इतने रुपये का ही आउटले दिखाया गया था । अब 23,500 करोड़ रुपया आप कहां से लायेंगे । इंटरनल रिसोर्सिस आपके कितने है ? बाहर से कहां से पैसा आयेगा ? फिर बाहर से जो पैसा आयेगा उसका ब्याज भी तो देना पड़ेगा । इसका मतलब होगा कि आप फिर नासिक प्रिंटिग प्रेस की शरण में जायेंगे, फिर नोट आप छापना चाहते हैं, फिर डिफिसिट फाइनेन्सिग मे जाना चाहते है। अगर आपने ऐसा किया तो मैं आज आप को बता देना चाहता हूं कि हालत बहुत बिगड़ जायेगी और तब यह हो सकता है कि हम और आप दोनों मिल कर भी अगर देश को उठाना चाहेंगे तो नहीं उठा सकेंगे । इसका कारण यह है कि कीमतें बहुत अधिक आगे तब तक चली गई होंगी, मैं प्रार्थना करता हूं कि आउटले को आप छोटा बनाइये जितना जेब में पैसा है, उसको देख कर बनाइये । श्री मोरारजी देसाई रोजाना सूत कातते हैं, वह उनका नियम है, इसको वह एक धार्मिक नियम मानते हैं क्योंकि वह खद्दर पहनते हैं। जिस तरह से उन्होंने यह एक नियम बना रखा है उसी

[श्री कंवर लाल गुप्ता]

तरह से मैं चाहता हूं कि वह यह नियम भी बना लें कि देश में डिफिसिट फाइनेंसिंग नहीं होगा। हमारा जो बजट है वह सरपलस होना चाहिये। जब तक सरपलस बजट हम नहीं बनायेंगे तब तक हमारी जो कीमतें हैं वे कभी भी नीचे नहीं आ सकेंगी।

ड्रास्टिक कट की बात की जाती है। यह कहा जाता है कि इकोनोमी होनी चाहिये। मैं आपके सामने एक जबर्दस्त स्कैंडल रखना चाहता हूं। यहां पर एक फूड कारपोरेशन है जिसका दफ्तर दिल्ली में है। पिछले महीने उसने अपना दफ्तर किराये पर लिया। उस जगह के लिए उसने 46,000 रुपया महीना किराया देना तय किया है। कहां उसने यह जगह ली है? डा० सेन का जो नर्सिंग होम है उसका कुछ हिस्सा उसने लिया है। डा० सेन के नर्सिंग होम में एक एक कमरे के मरीजों से पचास पचास रुपये रोज चार्ज किये जाते हैं। दस बाई दस के कमरे के इतने रुपये चार्ज किये जाते हैं। डा० सेन ने उसका एक हिस्सा खाली करके फूड कारपोरेशन को दिया है 46,000 रुपये महीने के किराये पर। सुना है कि जो फूड कारपोरेशन के मैनेजर हैं या मैनेजिंग डाइरेक्टर हैं, सेन साहब उनके कोई रिश्तेदार है।

इतना ही नहीं दो लाख रुपया उसके फर्निशिंग के लिए भी खर्च किया गया है। 46,000 रुपये में जहां तक उस जगह को लेने का सम्बन्ध है, वर्क्स हाउसिंग मिनिस्ट्री ने उस के बारे में अभी तक नो आब्जेक्शन सर्टिफिकेट इशू नही किया है। एक महीने का किराया भी दे दिया गया है। फर्निशिंग किसी ठेकेदार से उसका करवाया गया है और कोई टेंडर नहीं मंगाये गये हैं। दो चार आदमियों को पकड़ कर कम्पीटीटिव रेट बना कर उस ठेकेदार को यह काम सौंप दिया गया।

इस कारपोरेशन ने बीस करोड़ रुपया दो साल में खर्च किया जिसमें से चार करोड़ रुपया इसकी एडमिनिस्ट्रेशन पर खर्च हुआ। नतीजा क्या है? स्टेट्स उसको कोई सहयोग नहीं दे रही है। आप फूड बजट बना रहे हैं या दूसरी योजनायें बना रहे हैं। बीस करोड़ का बीस करोड़ रुपया करीब करीब खत्म है। आज वह फूड को इकट्ठा नहीं करती है। उसने क्या काम करना शुरू किया है। उसने मिर्च और मसाले खरीदने का काम शुरू कर दिया है। फूड का काम छोड़ कर के लाल मिर्च, धनिया आदि वह खरीद रही है। इस चीज की इन्क्वायरी होनी चाहिये।

अगर आप चाहते हैं कि इकोनोमी हो तो सही मानों में आपको इकोनोमी करके दिखानी चाहिये। इकोनोमी यहां प्राइम मिनिस्टर से शुरू होनी चाहिये, जो बड़े बड़े नेता है उन से शुरू होनी चाहिये। अगर आपने ऐसा किया तभी वह नीचे तक जा सकती है। अगर एक आर्मी आफ मिनिस्टर्ज आप खड़ी करते है, 52 मिनिस्टर जहां रहते हैं, स्टेट्स में बहुत सारे मिनिस्टर्ज रखते हैं... मैं नहीं कहता हूं कि इसमें केवल कांग्रेस जिम्मेदार है और हम लोगों की भी इसी तरह आर्मी खड़ी हो जाती है मिनिस्टर्ज की... तो हम लोग देश के सामने जो समस्यायें है उनका समाधान नही ढूंढ सकते हैं, उनका मुकाबला नही कर सकते हैं। तब हम लोगों के सामने अपना मुंह दिखाने के काबिल नही हो सकते हैं। और हम देश में इकोनोमी नहीं करते है, देश को अपने ही पैरों पर खड़ा नही करते है तो हम लोगों को मुंह दिखाने के काबिल नही हो सकते हैं। यह जो इकोनोमी है यह हम से शुरू होनी चाहिये, हमारा अपना आचरण इस तरह का होना चाहिये कि हम इकोनोमी करके दिखा सकें। अपने आपको गद्दी पर बनाये रखने के लिए अगर कोई दो तीन मिनिस्टर और बना लेता है तो यह बिल्कुल अनुचित काम है। यह जो पोलिटिकल लेवल पर इस तरह से पैसा बढ़ाया जाता है इसको पहले बन्द किया

जाना चाहिये। उसके बाद जो सेक्रेटरीज हैं उनकी तरफ आपका ध्यान जाना चाहिये और इस तरह से नीचे की ओर आपको चलते जाना चाहिये और इकोनोमी करने जाना चाहिये।

इस बजट में साढ़े तीन सौ करोड़ रुपये का डिफिसिट दिखाया गया है। अगर सही मानों में रिसोर्सिस का युटिलाइजेशन होता तो मैं समझता हूं कि चार सौ करोड़ रुपया न बच सकता था और हम एक बैलेंस्ड बजट पेश कर सकते थे, इसमें डिफिसिट दिखाने की हमको जरूरत नहीं पड़ सकती थी। आप कहेंगे कि बड़ी फैंटैस्टिक यह फिगर है, यह कैसे हो सकता था, साढ़े तीन सौ करोड़ रुपया कैसे कट हो सकता था? हमारे देश के एक बहुत बड़े जो फाइनेंसिंग के ज्ञाता हैं उन्होंने इस बात को कहा है कि लगभग तीन सौ करोड़ रुपये का कट इसके अन्दर होना चाहिये और वह ज्ञाता हैं हमारे फाइनेंस मिनिस्टर श्री मोरारजी देसाई। उन्होंने खुद कहा है कि जो सोलह प्वाइंट उन्होंने रखे हैं, दस परसेंट जो कट होना चाहिये और चार महीने में होना चाहिये, अगर वह हो जाए तो इतनी बचत हो सकती है। हमें इससे मतलब नहीं है कि कौन फाइनेंस मिनिस्टर है। मुझे खुशी है कि श्री मोरारजी देसाई फाइनेंस मिनिस्टर हैं। लेकिन सरकार से मैं जवाब चाहता हूं कि वह बतायें कि यह जो साढ़े तीन सौ करोड़ रुपया आपने बरबाद किया है और जिसकी वजह से कीमतें इतनी बढ़ गई हैं, इसका उसके पास क्या जवाब है? इसका सरकार को जवाब देना होगा। श्री मोरारजी देसाई साहब बैठने हैं या शचीन्द्र चौधरी साहब या कोई और इससे हमारा कोई कनसर्न नहीं है, श्रीमती तारकेश्वरी सिन्हा का कनसर्न होगा, लेकिन हमारी निगाह में सब एक हैं।

प्राइसिस दिन प्रति दिन बढ़ रही हैं, करेंसी का फैलाव भी बढ़ रहा है। 1961-62 में 3045 करोड़ रुपये की करेंसी थी और 1966-67 के अन्दर वह बढ़ कर 4,664 करोड़ रुपये की हो गई। इसका मतलब यह है कि पांच साल के अन्दर 1619 करोड़ रुपये की करेंसी ज्यादा हो गई। इसका मतलब यही हो सकता है कि प्राइसिस और बढ़ेंगी और जो मार्च 1960 में होलसेल प्राइस इंडैक्स था, वह 108.7 था और फरवरी 1967 में वह बढ़ कर 202.4 हो गया। इस तरह से कीमतें बढ़ती जा रही हैं। लोग भूखे मर रहे हैं, लोग नंगे है, उनके पास रहने के लिए मकान नहीं है। आप उनको देश भक्ति के सरमंज दें, आप उनको बतायें कि बाहर से आक्रमण होने वाला है, तो यह कहा तक उचित है, न्यायसंगत है? मैं अदब से कहना चाहता हूं कि भूखा और नंगा हिन्दुस्तान बाहरी आक्रमण का मुकाबला नहीं कर सकेगा। जो लोग भूखे हैं वे रोटी मांगते हैं। उनको आप देश भक्ति का सबक सिखायें तो उसका कोई असर नही होगा। उसके सामने भगवान और धर्म की बात आप करेंगे तो उसका कोई असर नही होगा। खाली पेट के लिए कोई भगवान नही होता। इसलिए इस सरकार को एक चीज की कम से गारंटी तो उसको देनी चाहिये कि उसको रोटी मिलेगी, कपड़ा मिलेगा, रहने के लिए मकान मिलेगा। बीस साल लगातार राज्य करने के बाद भी अगर दस करोड़ लोग ऐसे हैं जिनकी आय केवल पांच आने, चार आने रोज है तो मैं कहता हू कि कोई जस्टिफिकेशन नही है कि आप सामने वाली कुर्सियों पर बैठे रहें, आपको कोई अधिकार नही है कि आप वहा बैठे रहें। कांग्रेस की हार का सबसे बड़ा कारण यह रहा है कि वह लोगों को भखों मार रही है। आज लोगों को कांग्रेस से कोई आशा नहीं रह गई है कि आप प्राइसिस को नीचे लायेंगे....

**श्री क० ना० तिवारी** (बेतिया) आप भी कई जगह पावर में आ गए है। आप प्राइसिस को नीचे लायें। देखते हैं आप क्या करते हैं।

**श्री कंवरलाल गुप्त** : आप इधर से भी हटें तो और जल्दी नीचे आ जायेंगे।

[श्री कंवरलाल गुप्ता]

जब तक यह गारण्टी नहीं होती है तब तक हालत नहीं सुधरेगी । कुर्सी पर हम लोग बैठे या सामने के सदस्य बैठे, इस से कोई बहुत फर्क नही पडता है । अगर हम लोगो ने भी लोगो के लिए कुछ नही किया, तो पोलीटिकल लोगो पर से उन का विश्वास उठ जायेगा और वैधानिक तरीके से बदल होने के स्थान पर देश मे बगावत फैलेगी, जो कि देश के लिए बहुत दुर्भाग्य की बात होगी । देश मे ऐसे भी एलिमेंट हैं, जो इस गडबड को बढावा देना चाहते हैं ।

14 hrs.

माननीय सदस्य, श्री रणधीरसिंह, ने उस दिन जनसघ के बारे मे कहा था कि ये लोग कुर्सी के भूखे हैं । मैं उन को बताना चाहता हू कि हा, यह ठीक है कि हम कुर्सी पर बैठना चाहते हैं, यह भी ठीक है कि हम उन को कुर्सी से उतार कर उन की जगह कुर्सी पर बैठना चाहते हैं लेकिन केवल वैधानिक तरीके से किसी प्रकार की गडबड कर के नही । अगर हम कुर्सी पर बैठने के बाद लोगो की सवा नही कर सकेगें, तो हम उसको छोड देंगे सामने के सदस्यो की तरह कुर्सी से चिपटे नही रहेंगे ।

**श्री क० ना० तिवारी :** दिल्ली मे क्या कर रहे हैं ।

**श्री कंवरलाल गुप्त :** माननीय सदस्य हमारे मेहमान हैं । वह आये और देखें । हम कुर्सियो के लिए वायलेंस नहीं करेंगे । हम कुर्सियो पर बैठे या न बैठें हमे वोट्स मिले या न मिले लेकिन हम विश्वास दिलाना चाहते हैं कि जो कुछ भी हम करेंगे वैधानिक तरीके से करेंगे । कुर्सी मिले या न मिले भारतीय जनसघ कभी कोई ऐसी बात नही करेगा जिस से भारत माता के माथे पर कलक का टीका लगे । लेकिन मैं चाहता हूं कि मेरे सामने बैठने वाले सदस्य भी इसी के अनुसार काम करे ।

**एक माननीय सदस्य :** हम तो पहले ही इसी के अनुसार काम करते हैं ।

**श्री कंवरलाल गुप्त :** मुझे मालूम है कि इन लोगो ने बस्तर से क्या किया, काश्मीर मे क्या किया जब डा० श्यामाप्रसाद मुकर्जी का खून कर दिया । मुझे यह भी मालूम है कि काश्मीर मे चुनावो के सम्बन्ध मे क्या किया गया है । मैं इस कहानी को नही छेडना चाहता हू । अच्छा है कि माननीय सदस्य इस बारे मे चुप ही रहे ।

**श्री रणधीर सिंह (रोहतक) :** पानीपत मे इन लोगो ने क्या किया ?

**श्री कंवरलाल गुप्त :** आज देश मे जो कान्सन्ट्रेशन आफ वैल्थ हो रहा है उस को भी बन्द किया जाना चाहिए । सरकार की तरफ से पेपर पर और मुह मे सोशलिज्म का नारा लगाया जाता है लेकिन पीछे से जेबे कुछ खास लोगो की भरी जाती है । इस पर कुछ कट्रोल होना चाहिए । कम से कम इतना तो होना चाहिए कि हर एक आदमी को खाने को मिले । इस समय इडस्ट्रीज पर जो कट्रोल है, उन को खत्म करना चाहिए । हा, उन का सुपरविजन होना चाहिए और उन को रेगुलेट अवश्य करना चाहिए । केवल पुराने लोगो को ही प्रोत्साहन देने के बजाय नई इडस्ट्रीज और अडरटेकिंग्ज को बढावा देना चाहिए, ताकि नई इडस्ट्रीज को प्रोत्सहान मिले और वे आगे बढे ।

स्टेट्स का जो 113 करोड रुपये का ओवर ड्राफ्ट हुआ है, जिस की वजह से डेफिसिट फिनासिंग हुआ है, उसके बारे मे सरकार को कोई न कोई पालिसी बनानी पडेगी । मैं श्री देव की इस बात से सहमत हू कि पिछली मिनिस्ट्रीज के पापो की सजा नये लोगो को नही मिलनी चाहिए । वित्त मत्री को राज्यो के फिनास मिनिस्टर्ज की एक कांफ्रेंस बुलानी चाहिए ताकि मालूम हो कि किस

स्टेट में क्या दिक्कत है वहां पर कितना डेफिसिट है, कितना ओवरड्राफ्ट है आदि। इस सम्बन्ध में एक फ़ार्मूला बनाना चाहिए और उसके बाद किसी भी स्टेट को ओवरड्राफ्ट की इजाज़त नहीं देनी चाहिए। सेंटर और स्टेट्स दोनों जगह फ़िनांशल डिसिपिलन लागू करना पड़ेगा। उसके बग़ैर ओवरड्राफ्ट पर कण्ट्रोल नहीं हो सकता है।

जहां तक फ़ारेन एड का सम्बन्ध है आज हमें लगभग 4800 करोड़ रुपये का कर्ज़ा विदेशों को देना है और यह कर्ज़ा बढ़ता जा रहा है। हमारे प्रधान मन्त्री बेशक कहें कि हम बग़ैर किसी के असर में आए, बग़ैर किसी की परवाह किये कर्ज़ा लेते हैं और उस कर्ज़ के साथ कोई स्ट्रिंग्ज़ नहीं होते, कोई दबाव नहीं होता। मैं इस बात को नहीं मानता। अगर दबाव नहीं होता तो डीवैल्युएशन नहीं होता, काश्मीर के बारे में पाकिस्तान के साथ बार-बार बातचीत नहीं होती और तांशकद एग्रीमेंट न होता। आज हम अपने सारे प्लान को चलाने के लिए और अनाज के विषय में अमरीका पर निर्भर हैं। हम आज़ाद होगें लेकिन वास्तव में हम टेक्निकली आज़ाद हैं और हमारी नुकेल वाशिंगटन न्यूयार्क में हैं या मास्को में हैं। जब भी हम पर दबाव डाला जाता है तो हम उस का मुकाबला नहीं कर सकते। मैं फिनांस मिनिस्टर से यह आशा करता हूं कि वह जल्दी से जल्दी देश को अपने पैरों पर खड़ा करेंगे क्योंकि जब तक देश अपने पैरों पर खड़ा नहीं होगा तब तक वह सच्चे मानों में स्वाधीन नहीं हो सकता है।

जहां तक दिल्ली का सम्बन्ध है मुझे आशा थी कि फ़िनांस मिनिस्टर साहब दिल्ली कारपोरेशन और दिल्ली एडमिनिस्ट्रेशन को पर्याप्त पैसा देंगे। दिल्ली कार्पोरेशन में जो आज हमारे पास आई हैं साढ़े छः करोड़ रुपये का घाटा है और वहां पर स्थिति यह है अगले अप्रैल महीने की तनख्वाह देने के लिए उस के पास पैसा नहीं है। लेकिन फ़िनांस मिनिस्टर ने उस को पहले से भी कम पैसा दिया है। मैं चाहूंगा कि फ़िनांस मिनिस्टर साहब दिल्ली कार्पोरेशन की आर्थिक स्थिति की जांच करें और उस के डेफ़िसिट को पूरा करें और साथ ही उसकी आईन्दा आवश्यकताओं को देख कर उस की ज्यादा से ज्यादा मदद करें। उदाहरण के तौर पर मैं कहना चाहता हूं कि केन्द्रीय सरकार एजूकेशन के लिए नई दिल्ली म्यूनिसिपल कमेटी को 75 परसेंट पैसा देती है जब कि दिल्ली कार्पोरेशन को केवल पचास परसेंट। इस तरह का सोतेली मां का वर्ताव नहीं होना चाहिए।

फ़िनांस मिनिस्टर ने दिल्ली के मकानों के बारे में थोड़ा सा पैसा दिया है। दिल्ली में सब से बड़ी समस्या मकानों की है। आज दिल्ली में एक लाख परिवार झुग्गियों में रहते हैं और दिल्ली की आधी आबादी स्लम्ज़ में रहती है। जिस क्षेत्र को आप सिविल लाइन्ज़ कहते हैं, अगर आप को उस की काम्पोज़ीशन मालूम हो, तो आप आश्चर्य करेंगे। वहां पर चालीस हजार वोटर हैं और उन में से बत्तीस हजार झुग्गियों में रहते हैं। आज से बारह तेरह बरस पहले दुनिया का एक बहुत बड़ा आदमी दिल्ली की स्लम्ज़ और झुग्गियां आदि देखने के लिए गया था। उन को देखने के बाद उसने कहा कि मुझे आश्चर्य है कि यहां पर लोग रहते हैं, यहां तो इन्सान क्या, हैवान भी नहीं रह सकते मुझे ताज्जुब है कि ये लोग हुकूमत के खिलाफ़ बगावत क्यों नहीं करते। क्या आप को मालूम है कि वह सज्जन कौन थे? वह हमारे देश के पहले प्रधान मंत्री, पंडित जवाहरलाल नेहरू थे, जिन्होंने यह बात कही थी तेरह साल के बाद आज दिल्ली की हालत और भी बिगड़ती जा रही है। मास्टर प्लान में कहा गया है कि 1980 में दिल्ली एक माडल सिटी होगा और देश को देखने के लिए एक खिड़की बनेगा। लेकिन अगर वर्तमान हालत में सुधार करने की कोशिश न की गई, तो दिल्ली दुनिया का सबसे बड़ा गांव

[श्री कंवरलाल गुप्त]

होगा, जहां सड़कों पर सुविधायें मिलेंगी मैं चाहता हूं कि फ़िनांस मिनिस्टर साहब इस ओर विशेष ध्यान दें और इस काम को अपने हाथ में लें, क्योंकि केन्द्र की यह ज़िम्मेदारी है कि वह दिल्ली कार्पोरेशन और दिल्ली एडमिनिस्ट्रेशन को ज्यादा से ज्यादा पैसा दे।

देश के कोने-कोने से कपड़े के व्यापारियों की तरफ से यह मांग की जा रही है कि कपड़े पर से सेल्ज टैक्स को हटा दिया जाये और उस की जगह एक्साइज ड्यूटी लगा दी जाये। जहां कपड़ा पैदा होता है, वहीं पर एक्साइज ड्यूटी लगा दी जाये। आज मैं देखता हूं कि हर जगह लोग बेईमानी करते हैं। दूकानदार भी बेईमानी करते हैं। रिश्वत चलती है। इतनी गड़बड़ी वहां पर चल रही है कि न दूकानदार काम करने पाता है न काम ठीक तरह हो पाता है। अफसर भी गड़बड़ी करते हैं। चारों तरफ एक सारा देश का देश बेईमान होता जा रहा है। कपड़े में जो कुछ आप को मिला वह कम नहीं मिला। मैं चाहता हूं कि फाइनेंस मिनिस्टर साहब इस पर विचार करें। हो सकता है कि इस बात की इसमें दिक्कत आये कि स्टेट्स का डिवीजन पैसे का कैसे हो? उस के लिए पांच साल के आंकड़े ले लीजिए। उस में जो फारमूला बनता हो वह डिवाइड करके दीजिए . .

उप प्रधान मंत्री तथा वित्त मंत्री (श्री मोरारजी देसाई) : नहीं बनता।

I had asked them, but they are not willing.

**Shri Kanwarlal Gupta:** You force them to do it. I think the non-Congress governments will agree.

आप अपना जो है वह तैयार कर लीजिए। मैं समझता हूं इस से व्यापारियों को भी बहुत राहत मिलेगी और जनता को भी बहुत राहत मिलेगी। इन शब्दों के साथ मैं अध्यक्ष महोदय, आप का धन्यवाद करता हूं कि आप ने मुझे इतना समय दिया। मैं आशा करता हूं कि हमारे आदरणीय मोरारजी भाई इस सुझाव पर विचार करेंगे।

**Shri K. R. Ganesh** (Andaman and Nicobar Islands): Mr. Chairman, Sir, I bring to this hon. House a new territory, the Andaman and Nicobar Islands. Situated on the trade routes of India, Burma and the Far East, lying only 75 miles from Sumatra and situated only about 80 miles from the southern most extremity of Burma, this territory is the defence arch of India, and we are very proud that the Government of India has given us a chance to elect our own representative to this Parliament of India. For the last fifteen years we have had a system of nomination and this is the first time that the people of Andaman and Nicobar Islands are given the right of free vote.

Sir, the Andaman and Nicobar Islands is a developing territory, and as the territory develops the problems of that territory are also becoming more and more complicated. The Government of India has a big plan for an integrated development of the Andaman and Nicobar Islands, and as the population increases, as more and more people are being settled in the Andaman and Nicobar Islands, it is becoming absolutely necessary that the administrative system that existed in the islands must be transformed and further democratic reforms introduced in the islands: because on the one side we have the tribal people and on the other we have a multilingual population representing all parts of our country and the integration of the tribal people and these multi-lingual population is a matter which unless

attended to immediately will bring about such conflicts as will place our entire defence in jeopardy because the Andaman and Nicobar Islands is a very vulnerable area.

Coming to the problem we are discussing today, from the trend of discussions one thing has emerged, that is, that taking advantage of the difficulties that our economy is facing today, taking advantage of the economic stagnation that we have got in our country today, voices have been raised here on the floor of this House, from this side as well as from the side of the Opposition, that we must curtail the Fourth Five Year Plan, that we must reorganise and restrict the Planning Commission and that we must have a Plan to suit our immediate needs. Sir, I am a new Member to this House, but I want to bring to the notice of this august body that if we want to have a war on Indian poverty, if we want to have a war on Indian illiteracy and Indian ignorance, we cannot but have a bigger Plan, because what we are discussing today is the difficulties of a section of the people who are better placed, who today want better amenities, but they are not starving, they are not the starving millions of this country. If we want to take the country from the morass in which it is, if we want to eliminate and liquidate Indian poverty, there is no other way except to have a bigger Plan, there is no other way except the way that Pandit Jawaharlal Nehru has taught us

**Shri S. S. Kothari** (Mandsaur): Is it on emotional basis or rational basis?

**An hon. Member:** Rational basis.

**Shri K. R. Ganesh:** I have got political experience probably more than many other Members in this House. It is fortunate or unfortunate that I have come to this House after 15 years



because the administration of our Islands did not think me fit to be nominated. I have faced the electorate and come to this House. But I want to raise my small voice that if we take the experience of any country in the world and if we take into account that we have adopted a democratic path, we have adopted adult franchise, we have adopted supremacy of the judiciary, then there is no other way possible for us except to have a big Plan We know the difficulties that have come in our way. These difficulties are administrative difficulties. These difficulties are there because we have inherited an administrative system which is incapable of bringing about a social change in this country, which is incapable of bringing about a social re-construction in this country, which is incapable of being an instrument of social change in this country. Therefore, whether you have a smaller Plan or you have a bigger Plan, unless we change the administrative framework of this country and make it an instrument of social change we will be facing the same problems which hon. Members from this side have pointed out, that there is no responsiveness, that there is corruption, that there is nepotism, that pumping sets are sold and so on. These are problems inherited from the old administrative system, and whatever may be the economic policy that we pursue we will have to change this administrative system

We have been hearing from the other side of the House about stagnation in agriculture We are told we must have more fertilisers, we are told we must have more pumping sets, we are told we must have more water. I say that Indian agriculture cannot be taken from the stagnation in which we have fallen unless we have complete land reforms in this country. I say that the Indian food problem cannot be solved unless we have procurement, unless we have equitable distribution, unless we have austerity. All these things we have to do by taking the people into confidence, by

[Shri K. R. Ganesh]

taking the people with us I submit that you cannot stop speculation in foodgrains unless you nationalise the banks in this country It may be that I do not express the views that some hon. Members on this side of the House may be having. The discussions that we had today, the points that have been made by hon. Members on both sides of the House, have convinced us that there is an insidious attempt, that there is a conspiracy, to change the path of this country, to change the process of development which our greatest leader, Pandit Jawaharlal Nehru taught us He had taught us that in a poverty-stricken country like India, in a country which has been for the last 200 years bled by a foreign imperialism, in a country in which there is poverty, there is no other way except dominance and primacy of the public sector, there is no other way except social control of the institutions of banking, there is no other way except complete land reforms, there is no other way except a chain of co-operative institutions to give credit to the cultivators, there is no other way except State trading in foodgrains, here is no other way except procurement, there is no other way except equitable distribution of whatever resources we have got

It has been stated that when the opposition governments came to power in many States the price of rice went down In today's paper itself it has been revealed that in Madras, where the price of rice was Rs. 1 60 when the DMK Government came to power, that rice is being sold at Rs. 2 30 It was a freak reduction in the price which took place and it would take place when governments change, when some other incidents happen. But it was not due to any basic economic fact We are also told that dehoarding of foodgrains is going on in many States where opposition parties have come into power. But we know that the dehoarding that was done even by the Punjab Government under the Governor was an attempt which was much more widespread than what is being done in many States where opposition parties have come into power.

The opposition parties may unite to take power, but when it comes to economic matters, when it comes to matters of our economic development, they speak with divergent voices The voice that we hear of the Jan Sangh representative here pathetically appealing to the Finance Minister is not the voice, will not be the voice, which Shri Hiren Mukerjee or my hon friend, Shri Ramamurthi, for whom I have great respect, will use, because the basic contradiction is here in the pattern of economic development, in the policies to be followed in the matter of economic development. The Jan Sangh representative and the Swantantra representative have suggested in this hon House that we must not have any controls, we must have a free economy, we must not have any State trading in foodgrains, we must not have any social control on the institutions which control the economic life of this country. The path that was shown to us by Jawaharlal Nehru, the path of mixed economy with primacy of the public sector, the path of complete land reforms which, I must confess, that we on this side of the House have completely failed to implement, the path of ready help to the farmers and cultivators, with path can only be followed by having a chain or string of co-operative institutions, if this Government or any government follows this path, our friends in the Jan Sangh and our friends in the Swatantra Party will say that this is the path of the Soviet Union, this is the path of a regimented government

It is true that our economy is passing through difficult times, but it is also true that many countries of the world have gone through this transitional period. That when the Industrial Revolution took place in the western

democracies it took them nearly 100 or 150 years. Even in the Soviet Union with a very regimented party, with a very *disciplined and centralised* government, it took them 40 years to come to the stage in which they are. We are following the path of democratic liberties and adult vote and it is but natural that these difficulties which have arisen in our economy will arise.

In the Andaman and Nicobar islands the Government of India has a big programme of integrated development of the territory. The forest wealth of Andaman and Nicobar islands is the basic wealth. But I want to point out in this hon. House that the Andaman administration and the Agriculture Ministry entered into a contract with a private company known as M/s P. C. Ray & Company and gave them 30 years lease of North Andaman forests. Now timber, which is the basic wealth of Andaman and Nicobar islands, timber which can earn foreign exchange and strengthen the depleted foreign exchange earnings of our country, timber which has a good market in London, a good market in many other parts of the world that timber is not fully exploited That timber is not fully exploited because the entire North Andaman forest lease was given to a private company and that private company has come to a stage of liquidation. So, thousands and thousands of tons of timber are lying and rotting. We cannot remove them and we cannot exploit the North Andaman forests, we cannot build a plywood factory, we cannot build a chip-board factory because we have entered into an anti-national deal with this firm, and now for the last eight years litigation is going on. We have brought this matter to the notice of the highest quarters but they say that nothing can be done with this P. C. Ray & Company. I ask this Government, when the Defence of India Rules are there, when they could be used in other matters, why cannot we use the Defence of India Rules against this firm and stop the drain on the national economy in Andamans? I say that the amount of timber that is rotting, the entire forest economy which is at the point of being spoiled, that must be stopped.

May I humbly submit to the Government of this country that the Andamans is a very vulnerable area, which, if proper attention is not given at this very moment, will become a complicated area, will become an area in which we will have problems which it will be very difficult to master in another five years' time.

**Mr. Chairman:** Shri Mohan Swaruo.

**Shri Mohan Swarup** (Pilibhit): I am not prepared If you will allow me, I will speak later on.

**Shri S Kundu** (Balasore): Mr. Chairman, I am sorry. I am speaking in a language which is not yours not even mine.

After 20 years of Congress rule, when I come here for the first time to speak on the Budget, I must confess that I see today in the country a sense of despair and frustration arising out of this creeping economy, corruption in political institutions, rise in prices and the influence of the business organisations on the entire economy of the country which has penetrated to the political institution which has been in power for the last 20 years. For a young man of today, I am constrained to say, the future presents little hope. Unless we make a break from what has happened in the last 20 *years*. I am sure, those who take oath in the name of democracy or those who say big words for the country's past culture, civilisation and traditions or those who....

**Mr. Chairman:** Will he kindly resume his seat for a minute?

The House will now take up Private Members' business.

**An hon. Member:** What about the debate?

**Mr. Chairman:** It will be continued after this

**Shri R. Barua** (Jorhat). On a point of order This item is not on the Order Paper.

**Mr. Chairman:** It is there

---

**14 32 hrs**

CATTLE SLAUGHTER PROHIBITION BILL*

**श्री प्रकाशवीर शास्त्री** (हापुड) सभापति महोदय, मैं ढोर वध के निषेध के लिए उपबन्ध करने वाले विधेयक को प्रस्तुत करने की अनुमति चाहता हूं।

**Mr. Chairman** The question is

"That leave be granted to introduce a Bill to provide for prohibition of slaughter of cattle"

*The motion was adopted*

**श्री प्रकाशवीर शास्त्री** : मैं विधेयक को प्रस्तुत करता हूं।

---

**14 32½ hrs.**

CONSTITUTION (AMENDMENT) BILL*

(*Amendment of articles 15 and 16*)

**Shri Sezhiyan** (Kumbakonam) Sir I beg to move for leave to introduce a Bill further to amend the Constitution of India

**Mr. Chairman:** The question is

"That leave be granted to introduce a Bill further to amend the Constitution of India"

*The motion was adopted*

**Shri Sezhiyan:** Sir, I introduce the Bill.

**12.35 hrs.**

THE CONSTITUTION (AMENDMENT) BILL*

(*Amendment of article 120*)

**Shri Sezhiyan:** (Kumbakonam): Sir, I beg to move for leave to introduce a Bill further to amend the Constitution of India

**Mr. Chairman:** The question is:

"That leave be granted to introduce a Bill further to amend the Constitution of India"

*The motion was adopted*

**Shri Sezhiyan:** Sir, I introduce the Bill

---

**12 35½ hrs.**

GENERAL BUDGET—GENERAL DISCUSSION—*contd*

**Mr. Chairman:** Now Shri Kundu may resume his speech

**Shri S Kundu.** Sir, I was on the point that after 20 years of Congress rule if we do not draw a line between the past and do not chalk out a programme for the future, I am sure—and I will be extremely sorry—that this democracy will be a shortlived one Therefore, the compelling circumstances of today should drive the people who prepare the Budget to prepare it so as to reflect a positive attitude of the teeming millions of this country I must, therefore, confess that when I glance through this Budget I do not find that this Budget expresses or reflects a positive attitude a definite purpose, which the people of this country want or which the Government wishes to achieve during their tenure of the coming five years

---

*Published in Gazette of India Extraordinary Part II, Section 2, dated 23-3-1967